>

Title: Regarding establishing new rail line connectivity in Kandhamal, Odhisha.

श्री अच्युतानंद सामंत (कंधमाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम आपको नमस्कार करता हूँ । मैं पहली बार सांसद बनकर आया हूँ और पहली बार आपकी अनुमति से बोल रहा हूँ । खुशी की बात है कि आप जैसे समाजसेवी राजनीति के क्षेत्र में हैं । मैं लगभग 30 वर्ष से बहुत बड़े स्केल पर समाज सेवा करता आ रहा हूँ । बहुत से माननीय सांसदों को यह पता है । माननीय मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक जी की मुझ पर श्रद्धा हुई कि उन्होंने मुझे लोक सभा सांसद के रूप में यहाँ भेजा है । मैं ओडिशा के संसदीय क्षेत्र कंधामल से चुनकर आया हूँ । कंधामल पार्लियामेंट कॉन्स्टीट्युएंसी का नाम आपने शायद सुना होगा या नहीं, यह आदिवासी बाहुल्य कॉन्स्टीट्युएंसी है, जहाँ 82 प्रतिशत एससी-एसटी हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से यह माँग करना चाहता हूँ कि लगभग 39 साल पहले, यहाँ रेलवे कनेक्टिविटी होने की एश्योरेंस उस समय के प्रधान मंत्री जी ने अपनी घोषणा में की थी । उस समय से सर्वे वगैरह सब कुछ चल रहा है, लेकिन अभी तक कुछ भी कार्य आगे नहीं बढ़ा है । मैं माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से रिक्वेस्ट कर रहा हूँ कि जो रेलवे कनेक्टिविटी का कार्य चल रहा है, वह खुर्दा बलांगीर के रास्ते से ही जा रहा है । यदि उसको 39 किमी अन्दर तक कंधामल जिले से कनेक्ट कर देंगे तो वहाँ के आदिवासी लोगों का जो रेल देखने का सपना है, वह सपना पूरा होगा । कंधामल जिले में पयर्टन बहुत बढ़ा है । वहाँ दरिंगबाड़ी एक जगह है, जिसको ओडिशा का कश्मीर बोलते हैं । ऐसा होने से वहाँ पर्यटन को भी बहुत बढ़ावा मिलेगा । गरीब लोगों की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ेगी और रोज़गार भी बहुत बढ़ेगा । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि जल्दी से जल्दी कंधामल में रेलवे कनेक्टिविटी शुरू करनी चाहिए । धन्यवाद, नमस्कार ।

माननीय अध्यक्ष : *m02 श्री महेश साहू को श्री अच्युतानंद सामंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।